घोषित की थी जिसके अधीन उन गरीब विधवाओं से आवेदन पत्र मांगे गये थे जो डी०डी०ए० की 1985 की स्लम स्कीम के अन्तर्गत पंजीकृत थीं, यदि हां, तो कितनी विधवाओं ने उक्त स्कीम के अधीन आवेदन किया था ;

(ख) इस स्कीम के अधीन अब तक कितने ड्रॉ निकाले गये हैं और कितनी विधवाओं को मकान दिये गये हैं ; और

(ग) इस स्कीम के अधीन मकानों के निर्माण में विलम्ब के क्या कारण हैं और यह निर्माण कब तक पूरा कर लिया जायेगा ?

शहरी विकास मंत्री (श्रीमती शीला कौल) : (क) से (ग) विवरणपत्र सभा पटल पर रख दिया गया है ।

विवरण

(क) वर्ष 1987 को बेघरों के लिये घर अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में मनाया गया था । इस वर्ष दिल्ली में बेघरों के लिये घर का एक राष्ट्रीय प्रदर्शन परियोजना का अभियान छेड़ा गया था । इस परियोजना के अन्तर्गत "मलिन बस्ती निवासी तथा अन्य के लिये रिहायशी फ्लैट पंजीकरण योजना–1985" के तहत दिल्ली विकास प्राधिकरण (स्लम विंग) के पास पंजीकृत विधवाओं से प्रदर्शन परियोजना के सदस्य के रूप में अपना पंजीयन कराने के लिए विकल्प मांगा गया था और इसके अनुसरण में 625 विधवाओं ने पंजीयन के लिए आवेदन किए थे । विधवाओं के लिए 1987 में (i) स्वयं सिद्ध सहकारी सामूहिक आवास समिति तथा (ii) स्वयं सेवा सहकारी सामूहिक आवास समिति नामक दो सामूहिक आवास समितियां गठित की गई थीं जिनके सदस्यों की संख्या क्रमशः 262 और 339 थी ।

(ख) और (ग) स्वयं सिद्ध समिति ने 262 फ्लैट की परियोजना को पूरा कर लिया है और 26–12–1990 को पहले लॉट का एक ड्रॉ निकाला है । सहकारी समितियों के पंजीयक द्वारा आवश्यक जांच पड़ताल कर लेने के पश्चात् शेष सदस्यों के मामले में आवश्यक मंजूरी कर देने के तुरन्त बाद समिति द्वारा दूसरा ड्रा निकाला जायेगा ।

स्वयं सेवा सहकारी समिति की परियोजना का काम प्रगति पर बताया गया है । इस परियोजना के निर्माण में हुए विलम्ब के कारण, निधियों की कमी और पट्टा विलेख को अन्तिम रूप देने में हो रही देरी बताये गये हैं । उम्मीद की जाती है कि पट्टा विलेख शीघ्र ही निष्पादित कर लिया जायेगा । तत्पश्चात् समिति हुडको से वित्तीय सहायता के लिये पात्र हो जायेगी ।

Control of floods in Maharashtra

*163. SHRI SURESH KALMADI: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) whether Maharashtra Government has submitted any proposal to the Central Government for control of floods in the State:

(b) if so, the details thereof; and

(c) the action taken so far in this regard?

THE MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI VIDYACHARAN SHUKLA): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

देश की विभिन्न नदियों का परस्पर जोड़ा जाना

*167. **श्री राम जेठमलानी**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन

क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में विभिन्न नदियों को परस्पर जोड़ने के लिए स्वर्गीय डा० के० एल० राव द्वारा सुझाई गयी योजनाओं को मूर्तरूप देने का विचार